गुरुवार
01 दिसम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




युवा महोत्सव : शास्त्रीय व लोक गीत और नृत्य में दिखी युवाओं की प्रतिभा 3



## बिहार में नगर निकाय चुनाव 18 व 28 दिसंबर को मतदान

### 20 और 28 को मतगणना

केटी न्यूज/पटना

बिहार में होने वाले नगर निकाय चुनाव की तारीख का एलान हो गया है। बिहार निर्वाचन आयोग ने बुधवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। 18 दिसंबर को पहले चरण में मतदान होगा। इसकी 20 दिसंबर को मतगणना की जाएगी। दूसरे चरण के लिए वोटिंग 28 दिसंबर को होगी जिसकी 30 को काउंटिंग की जाएगी।

इससे पहले पटना हाईकोर्ट में अति पिछड़ा आयोग के डेडिकेटेड कमीशन बनाने को लेकर चुनाव को स्थगित कर दिया गया था। अक्टूबर में ही बिहार सरकार ने कमेटी का गठन कर लिया था। उसकी रिपोर्ट सौंपने पर ही चुनाव कराने की बात कही गई थी। बिहार के सभी नगर निकायों में पहले अक्टूबर 2022 में चुनाव होने थे। मगर पटना हाईकोर्ट ने निकाय चुनाव में ओबीसी और ईबीसी आरक्षण को सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के खिलाफ करार दे दिया। इस कारण निकाय चुनाव को स्थगित कर दिया था।

### नामांकित उम्मीदवारों के आधार पर ही होंगे चुनाव

बक्सर अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रथम व दूसरे चरण में नामांकित उम्मीदवारों के आधार पर ही चुनाव कराए जाएंगे। अब कोई नया नामांकन नहीं लिया जायेगा। उम्मीदवारों को भी पहले से आवंटित चुनाव चिह्न के आधार पर ही चुनाव होगा। निर्वाचन आयोग ने अपने निर्देश कहा है कि आयोग द्वारा पूर्व में निर्गत सभी निर्देश प्रभावी रहेंगे।

शिलान्यास कार्यक्रम : मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना, बोले बिहार को मिल रही कई गुना ज्यादा महंगी बिजली

# देश में बिजली का दाम एक जैसा हो : नीतीश

- 15871.24 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की मिली सौगात
- 2635.30 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण
- 5930.89 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास
- 7305.05 करोड़ रुपये की योजनाओं का शुभारंभ
- 2025 तक राज्य के हर घर में लग जाएगा प्रीपेड मीटर

केटी न्यूज/पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को ऊर्जा से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम में केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। पटना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बिहार के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। बिहार को काफी महंगी बिजली दी जा रही है। केंद्र सरकार को देश के हर नागरिक का कल्याण करना है, तो हर राज्य को एक दर पर बिजली मुहैया कराए। केंद्र सरकार हर राज्य को अलग-अलग दर पर बिजली क्यों देती है? इस पर सवाल उठना चाहिए। विकसित राज्यों से कई गुना ज्यादा महंगी बिजली बिहार जैसे राज्य को मिल रही है। हम जितनी महंगी बिजली खरीद रहे हैं, उससे काफी कम दाम पर जनता को उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश में जो राज्य उपभोक्ताओं को मुफ्त में बिजली दे रहे हैं, यह ठीक नहीं है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 'वन नेशन वन ट्रैरिफ' की वकालत की है और केन्द्र से इसकी मांग की है। कहा है कि 'हमारी मांग है कि देश में बिजली का दाम एक जैसा हो। वन नेशन, वन टैरिफ होनी चाहिए।'



### बिहार में फ्री में किसी को नहीं मिलेगी बिजली

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में बिजली फ्री में नहीं मिलेगी। उन्होंने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि बिजली फ्री में मिले। ये सब बातें अनाप शनाप हैं। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को सस्ती बिजली उपलब्ध करवाती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 15871.24 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात बिहार को दी। इसमें 2635.30 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण, 5930.89 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और 7305.05 करोड़ रुपये की योजनाओं का शुभारंभ किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने ग्रामीण बिजली उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के कार्य का शुभारंभ भी किया।

### हर वार्ड में लगेंगे 10-10 सोलर स्ट्रीट बल्ब

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ब्रेडा की 1579.37 करोड़ की लागत से ग्रिड कनेक्टेड ग्राउंड माउंटेड सोलर पावर प्लांट योजना और सरकारी भवनों पर ग्रिड कनेक्टेड रूफटाप सोलर प्लांट का भी शिलान्यास किया। इसके अतिरिक्त 11.55 करोड़ की लागत से बने ग्रिड कनेक्टेड फ्लोटिंग पावर प्लांट का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि राज्य के हर वार्ड में 10-10 सोलर स्ट्रीट बल्ब लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त हर पंचायत में 10-10 सोलर बल्ब लगेंगे। विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र और पंचायत सरकार भवन जैसे जगहों पर भी सोलर लाइट लगाई जाएगी।

## खबरें फटाफट

### वर्ष 2035 तक चीन के पास होंगे 1,500 परमाणु हथियार

**वाशिंगटन।** पेंटागन की एक रिपोर्ट ने दावा किया है कि अमेरिकी के अनुमान से भी कम समय में चीन के परमाणु हथियारों का जखीरा 400 से अधिक हो गया है। बीजिंग अपनी परमाणु क्षमता को बढ़ाने पर फोकस कर रहा है। पड़ोसी देशों के साथ तनाव का सामना कर रहा देश अपने 'सबसे बड़े दुश्मन' अमेरिका को चुनौती देना चाहता है। साल 2020 में, अमेरिका ने अनुमान लगाया था कि चीन के पास परमाणु हथियारों की संख्या 200 से कुछ ही ज्यादा है। अमेरिका का अनुमान था कि एक दशक से भी कम समय में यह भंडार दोगुना हो जाएगा। लेकिन मंगलवार को जारी 2022 चाइना मिलिट्री पावर रिपोर्ट के अनुसार सिर्फ दो साल बाद चीन उस मुकाम पर पहुंच गया है कि अगर वह इसी रफ्तार से अपने जखीरे को बढ़ाता रहा तो 2035 तक उसके पास 1,500 परमाणु हथियार हो सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन जमीन, समुद्र और वायु आधारित परमाणु मंचों की संख्या बढ़ा रहा है और अपने परमाणु बलों का विस्तार कर रहा है।

## गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान आज

- पहले चरण में 89 सीटों पर मतदान, 788 उम्मीदवार मैदान में

एजेंसी/अहमदाबाद

गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 1 दिसंबर को मतदान होगा। पहले चरण में 89 सीटों पर मतदान होगा, इसके लिए 788 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस दौरान मोरबी, कच्छ, राजकोट, पोरबंदर और जूनागढ़ जैसी सीटों पर वोटिंग होगी। 19 जिलों में होने वाली वोटिंग में 2 करोड़ से ज्यादा वोटर्स अपने मत का प्रयोग करेंगे। गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए दो फेज में 1 और 5 दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। 182 सीटों के लिए हो रहे इस चुनाव में 1 दिसंबर को 89 सीटों पर और 5 दिसंबर को 93 सीटों पर वोटिंग होगी। नतीजे 8 दिसंबर को, यानी हिमाचल विधानसभा चुनाव के साथ ही आएंगे।

राज्य में इस बार 4.6 लाख लोग पहली बार वोट करेंगे। गुजरात विधानसभा का कार्यकाल 18 फरवरी 2023 को खत्म हो रहा है। अभी बीजेपी की ओर से भूपेन्द्र पटेल गुजरात के मुख्यमंत्री हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.आर.पाटिल पहले ही संकेत दे चुके हैं कि राज्य में कोई बदलाव नहीं होगा। वहीं, आप ने इशुदान गढवी को अपना सीएम कैंडिडेट घोषित किया है।

सीबीएसई का निर्देश...

### 6 दिसंबर तक एलओसी फॉर्म में कर लें सुधार

**नई दिल्ली।** सीबीएसई बोर्ड ने संबद्ध स्कूलों को अहम निर्देश दिए हैं। इसके अनुसार, बोर्ड ने स्कूलों से कहा है कि एलओसी यानी कि लिस्ट ऑफ कैंडिडेंट्स डेटा फॉर्म में निर्धारित समय में करेक्शन कर लें। करेक्शन की आखिरी तारीख 06 दिसंबर, 2022 है। डेडलाइन बीतने के बाद कोई सुधार स्वीकार नहीं किया जाएगा। बोर्ड ने इस संबंध में ऑफिशियल वेबसाइट cbse.gov.in पर नोटिस रिलीज किया गया है। सीबीएसई स्कूलों को कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षा 2023 के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों की लिस्ट (LOC) डेटा में सुधार करने के लिए parikshasangam.cbse.gov.in पर जाना होगा।

कुढ़नी उपचुनाव: जदयू प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार

## मनोज को जिताएंगे तो जल्द ठीक होंगे लालूजी: तेजस्वी

केटी न्यूज/पटना

कुढ़नी विधानसभा उपचुनाव में जदयू उम्मीदवार मनोज कुशवाहा के लिए बुधवार को उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने चुनाव प्रचार किया। तेजस्वी ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने नीतीश राज की तारीफ करते हुए कहा कि बिहार में आज कोई भी दंगा नहीं करवा सकता है। सिंगापुर में उपचाररत राजद सुप्रीमो लालू यादव की बीमारी का जिक्र करते हुए कहा कि जब 5 दिसम्बर को मेरे पिता का किडनी ट्रांसप्लांट होगा तो होश में आने के बाद वे सबसे पहले यही पूछेंगे कि कुढ़नी में क्या हुआ। इसलिए कुढ़नी में जदयू की जीत सुनिश्चित करें। कुढ़नी में जीत से पिताजी जल्द स्वस्थ होंगे। हम आप लोगों के भरोसे निश्चिंत होकर जाएंगे। आप लोग साथ दीजिएगा या नहीं। आप सब लोगों का प्यार, आशीर्वाद, समर्थन मिला। वादा करके जा रहे हैं कि नीतीश जी के नेतृत्व में हमारी महागठबंधन की नइ सरकार सभी लोगों की उम्मीद पर खरा उतरने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि हम नया बिहार बनाने जा रहे हैं, इसमें आप लोगों का योगदान चाहिए।



**मोदी सरकार महंगाई पर चर्चा नहीं करती : ललन सिंह** – जेडीयू राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि आज देश भारी संकट में है। पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार महंगाई पर चर्चा नहीं करती है। उन्हें डर है कि अगर इसकी चर्चा हुई तो देश में उनका खाता भी नहीं खुलेगा। दिनभर धार्मिक उन्माद फैलाने का काम दिया जाता है। 2024 में देश को भाजपा मुक्त बनाना है। इसलिए महागठबंधन बना है। पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि संविधान पर प्रहार किया जा रहा है।

### बहुभोज का सामान खरीदने निकले युवक की दुर्घटना में मौत

**पटना।** छपरा के तरैया थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में एक नवविवाहित युवक की मौत हो गई है। मृतक बगही पूर्व टोला निवासी राजकिशोर राय का पुत्र रौशन कुमार है। उसकी शादी 27 नवंबर को हुई थी। 28 नवंबर को दूल्हा-दुल्हन बगही गांव आए थे। शादी के उपलक्ष्य में मंगलवार को बहुभोज का आयोजन था। उसी के लिए युवक अपनी मां के साथ बाजार सामान खरीदने गया था। जहाँ से बाइक से लौटते समय एक बाइक ने जोरदार ठोकर मार दी। इसमें रौशन की मौत हो गई।

## गुजरात में एटीएस ने छापा मारकर बरामद की 500 करोड़ रु. की ड्रग्स

- वडोदरा शहर के पास सिंधरोट गांव में संचालित एक केमिकल फैक्ट्री से 100 किलो ड्रग्स जब्त

एजेंसी/वड़ोदरा

गुजरात में एक्शन टास्क फोर्स (एटीएस) को बड़ी कामयाबी मिली है। टीम ने वडोदरा के पास एक फैक्ट्री में छापा मारकर 500 करोड़ रुपये मूल्य की ड्रग्स बरामद की है। इस मामले में अब तक 5 लोगों को अरेस्ट किया गया है। वहीं, मौके से फरार अन्य 4 लोगों की तलाश की जा रही है। एटीएस के एक अधिकारी ने बताया कि वडोदरा शहर के नजदीक सिंधरोट गांव की एक केमिकल फैक्ट्री में एमडी ड्रग्स तैयार किए जाने की जानकारी मिली थी। इसके बाद हमारी टीम पिछले दो दिनों से इसकी जांच में जुटी थी। जांच पूरी होने के बाद मंगलवार की देर रात फैक्ट्री में छापा मारा गया और यहां से यहां से करीब 100 किलो ड्रग्स जब्त किया। छापेमारी के दौरान एटीएस ने पांच लोगों को मौके से अरेस्ट किया है। वहीं, 4 आरोपी अंधेरे का फायदा उठा भाग निकले।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में खिलाड़ियों को किया सम्मानित

## 21 साल के लक्ष्य समेत 25 खिलाड़ियों को अर्जुन अवार्ड

एजेंसी/नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित हुए राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2022 समारोह में 25 से अधिक भारतीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इनमें 25 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल को मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार प्रदान किया गया। खिलाड़ियों के अलावा चार कोच को इस साल का द्रोणाचार्य अवॉर्ड और चार खिलाड़ियों को लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए ध्यानचंद पुरस्कार दिया गया। अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित सभी खिलाड़ियों को 15-15 लाख रुपये भी मिलेंगे।



**अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ी:** सीमा पुनिया (एथलेटिक्स), एल्डहोज पॉल (एथलेटिक्स), अविनाश मुकुंद साबले (एथलेटिक्स), लक्ष्य सेन (बैडमिंटन), एचएस प्रणय (बैडमिंटन), अमित (बॉक्सिंग), निकहत जरीन (बॉक्सिंग), भक्ति प्रदीप कुलकर्णी (शतरंज), आर प्रज्ञाननंधा (शतरंज), दीप ग्रेस एक्का (हॉकी), शुशीला देवी (जूडो), साक्षी कुमारी (कबड्डी), नयन मोनी सैकिया (लॉन बाउल), सागर कैलास ओवलकर (मल्लखंब), एलावेनिल वलारिवन (निशानेबाजी), ओमप्रकाश मिथरवल (निशानेबाजी), श्रीजा अकुला (टेबल टेनिस), विकास ठाकुर (भारोत्तोलन), अंशु (कुश्ती), सरिता (कुश्ती), परवीन (वुशु), मानसी गिरीशचंद्र जोशी (पैरा बैडमिंटन), तरुण ढिल्लों (पैरा बैडमिंटन), स्वप्निल संजय पाटिल (पैरा स्विमिंग), जर्लिन अनिका जे (डेफ बैडमिंटन)

**द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता:** जीवनजोत सिंह तेजा (तीरंदाजी), मोहम्मद अली कमर (बॉक्सिंग), सुमा सिद्धार्थ शिरूर (पैरा शूटिंग), सुजीत मान (कुश्ती)

**लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए ध्यानचंद पुरस्कार:** अश्विनी अकुंजी सी (एथलेटिक्स), धर्मवीर सिंह (हॉकी), बी सी सुरेश (कबड्डी), निर बहादुर गुरुंग (पैरा एथलेटिक्स)



## खबरें फटाफट

### विवाहिता ने फांसी लगा कर ली खुदकुशी

**आरा।** जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के मदरिहां गांव में मंगलवार की शाम विवाहिता ने खुदकुशी कर ली। उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। उसका शव घर में लटका मिला। मृतका मदरिहा गांव निवासी धनु कुमार की 21 वर्षीय पत्नी खुशबू कुमारी थी। उसकी शादी करीब आठ माह पहले हुई थी। हालांकि खुदकुशी करने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की दोपहर धनु की मां-पिता और बहन खलिहान में गए थे। उसका पति बाहर रहता है। उसी बीच खुशबू ने फांसी ली। शाम में परिजन? घर पहुंचे, तो उसे फांसी पर लटका देखा।? सूचना मिलने पर दारोगा राजाराम प्रसाद पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। उसके बाद पोस्टमार्टम के लिए शव? को आरा सदर अस्पताल भेज दिया गया।? पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### आहर से मिला अधेड़ का शव

**आरा।** जिले के हसन बाजार ओपी क्षेत्र के पंचमा गांव स्थित पुल के समीप आहर से बुधवार की सुबह एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। शव मिलने से लोगों में सनसनी मच गयी। देखते ही देखते स्थानीय ग्रामीणों की काफी संख्या में भीड़ इकट्ठी हो गई। सूचना मिलने पर हसनबाजार ओपी इंचार्ज शिवेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। इसके बाद पुलिस शव की पहचान और मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस के अनुसार अधेड़ की पानी में डूबने के कारण मौत होना प्रतीत हो रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा।


### गैर इरादतन हत्या के आरोपी को 8 साल का कठोर कारावास

**जहानाबाद।** हत्या के मामले में सुनवाई पूरी करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह की अदालत ने आरोपी रामनिवास शर्मा और मधेश शर्मा को भादवी की धारा 304 पार्ट दो के तहत आठ साल का कठोर कारावास तथा 10 हजार रुपए अर्थदंड भुगतान करने का फैसला सुनाया। अर्थदंड की राशि का भुगतान नहीं करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इतना ही नहीं न्यायालय ने आरोपी रामनिवास शर्मा मधेश शर्मा तथा विकास शर्मा को भादवि की धारा 325 के तहत तीन साल का कठोर कारावास तथा पांच पांच हजार रुपए अर्थदंड भुगतान करने का फैसला सुनाया।

# विश्व एड्स दिवस: समझदार बनें... असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सीरिंज के उपयोग से बचें

- इस वर्ष इक्वलआईस की थीम पर मनाया जायेगा विश्व एड्स दिवस
- ऐप और हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से कोई भी ले सकता है एड्स संबंधित जानकारी

**केटी न्यूज/आरा**




एचआईवी एक गंभीर बीमारी है जिसका वर्तमान में कोई उपचार उपलब्ध नहीं है। इसे आम बोलचाल में एड्स यानि एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिसिएंसी सिंड्रोम कहा जाता है। एड्स बीमारी के लिए जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से हर साल विश्व एड्स दिवस दिसंबर माह की पहली तारीख यानि एक दिसंबर को पूरी दुनिया में मनाया जाता है। एड्स पीड़ित मरीजों से हो रहे भेदभाव को दशार्ने के लिए ह्लइक्वलआईसह्व को इस साल के विश्व एड्स दिवस की थीम के रूप में चुना गया है।

**चर्चा और जागरूकता से एड्स की समाप्ति संभव:** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने कहा कि एड्स से सुरक्षा का मूलमंत्र जानकारी है। एड्स एक व्यक्ति का जीवन ही नहीं बल्कि उससे संबंधित अन्य लोगों का भी जीवन प्रभावित होता है। व्यक्ति अगर समझदारी का परिचय देता और उसका आचरण संयमित है तो वह स्वयं को एड्स से सुरक्षित रख सकता है। एड्स लाइलाज बीमारी है तथा जानकारी एवं शिक्षा ही इससे बचाव का सबसे सशक्त जरिया है। सभी गर्भवती माताओं को एड्स की जांच करानी चाहिए तथा यह सुविधा प्रखंड से लेकर जिला अस्पतालों तक निःशुल्क उपलब्ध है। राज्य सरकार ने 2030 तक राज्य को पूरी तरह से एड्स से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है।

**1097 हेल्पलाइन व 'हम साथी' ऐप से लें जानकारी:** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा एचआईवी एड्स हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। हेल्पलाइन नंबर 1097 से एड्स संक्रमण होने के कारणों व बचाव के बारे में जानकारी ली जा सकती है। इसके साथ ही यदि एड्स की जांच या एड्स संबंधी इलाज सुविधा की भी सूचना प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही 'हम साथी' मोबाइल ऐप डाउनलोड कर एड्स से संबंधित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह मोबाइल ऐप एड्स के प्रति जागरूकता लाने और बच्चों में मां के माध्यम से एड्स के संक्रमण को रोकने के लिए विभिन्न जानकारियां उपलब्ध कराता है।

**एचआईवी संक्रमण की जानकारी रखेगा सुरक्षित:** युवाओं में यौन शिक्षा का अभाव एचआईवी संक्रमण का सबसे बड़ा कारण है। असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सीरिंज या सुई का प्रयोग, संक्रमित रक्त आदि के प्रयोग के कारण होता है। वहीं एचआईवी संक्रमित माता से उसकी संतान को भी एचआईवी संक्रमण होता है। ये शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को पूरी तरह समाप्त कर देता है। जिससे पीड़ित अन्य घातक बीमारियों जैसे टीबी, कैंसर व अन्य संक्रामक बीमारियों से प्रभावित हो जाता है। एड्स से बचाव के लिए जीवनसाथी के अलावा किसी से यौन संबंध नहीं बनायें। यौन संपर्क के दौरान कंडोम का इस्तेमाल करें। नशीली दवाइयों के लिए सुई के इस्तेमाल से दूर रहें। एड्स पीड़ित महिलाएं गर्भधारण से पहले चिकित्सीय सलाह लें। बिना जांच के या अनजान व्यक्ति से रक्त न लें। वहीं डिस्पोजेबल सीरिंज व सुई उपयोग में लायें। दूसरों के प्रयोग में लाये गये ब्लेड, रेजर आदि को इस्तेमाल में नहीं लायें।

## बाइक से आरा से जा रहे दुकानदार को अज्ञात वाहन ने मार दी ठोकर

# भतीजी की शादी का सामान खरीदने जा रहे चाचा की सड़क हादसे में मौत

- इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में तोड़ा दम
- हादसे के बाद शादी की खुशियां गम में बदलीं, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**केटी न्यूज/आरा**



घटना के संबंध में परिजनों से पूछताछ करते पुलिस पदाधिकारी व इनसेट में मृतक की फोटो

चरपोखरी थाना क्षेत्र के बड़हरा गांव के पास आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर बुधवार शाम सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी। भतीजी की शादी के सामान की खरीदारी करने आरा जाने के दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उनको रौंद दिया। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के लहठान गांव निवासी भुनेश्वर लाल सिन्हा के 45 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र कुमार सिन्हा थे। उनकी गांव में किराने की दुकान थी।

घटना के संबंध में उनके रिश्तेदार विपुल कुमार सिन्हा ने बताया कि धर्मेंद्र कुमार सिन्हा की भतीजी सोनाली की दो दिसंबर को शादी होने वाली है। उसी की मार्केटिंग करने व बाइक से आरा जा रहे थे। उसी दौरान चरपोखरी के बड़हरा गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी।

इससे वह बाइक से गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद स्थानीय पब्लिक और पुलिस की मदद से उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलने पर टाउन थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया।

### रफ्तार के कहर ने फिर छीन ली एक जिंदगी... शादी की खुशी गम में बदली

तेज रफ्तार के कहर ने फिर एक घर की खुशियां छीन ली। जिस घर में तीन रोज बाद शादी होने वाली थी, उस घर में आज रोना-धोना मच गया। घर का माहौल गमगीन हो गया। शादी की खुशी गम में बदल गयी। बताया जा रहा है कि किराना दुकानदार की भतीजी की शादी होने वाली है। दो दिसंबर को ही बारात आने वाली है। उसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही थी। घर में उत्सव का माहौल था और मंगल गीत बज रहे थे। तभी हादसा हो गया। इससे घर की सारी खुशी छीन गयी। बताया जा रहा है धर्मेंद्र कुमार सिन्हा अपने तीन भाई और एक बहन में तीसरे स्थान पर थे।


### ट्रक व मैजिक की टक्कर में मामा-भांजा सहित चार लोग जख्मी

**आरा।** जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव गांव स्थित आश्रम के समीप आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर मंगलवार की देर शाम ट्रक और मैजिक वाहन के बीच जोरदार टक्कर हो गयी। उसमें मैजिक चालक और उस पर सवार मामा-भांजे समेत चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी घायलों की स्थिति चिंताजनक बनी है। आरा सदर अस्पताल में प्राइमरी इलाज के बाद चारों को पटना रेफर कर दिया गया है। घायलों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मलथर गांव निवासी गोपाल सिंह के पुत्र विनोद सिंह, चांदी थाना क्षेत्र के जलपुरा गांव निवासी स्व. नागेश्वर सिंह के पुत्र बिंदेश्वरी सिंह, पीरो थाना क्षेत्र के जितौरा गांव निवासी सुरेश पंडित के पुत्र मिथिलेश कुमार और पश्चिम बंगाल के बेरहामपोर गांधी कॉलोनी मुर्शिदाबाद निवासी कार्तिक हलदर है।

## खुलासा: आरा जेल में बंद कुख्यात अपराधी मोबाइल के जरिए रच रहे आपराधिक षड़यंत्र

- आरा जेल में मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने वाले कुख्यात सहित 14 बंदियों के खिलाफ प्राथमिकी
- बंदियों पर शिकंजा कसने में जुटा जेल प्रशासन

**केटी न्यूज/आरा**




जिला मुख्यालय स्थित आरा मंडल कारा में मोबाइल सहित सहित अन्य आपत्ति जनक सामान मिलने के बाद कार्रवाई का दौर शुरू हो गया है। सहायक जेवर व कक्षपाल के निलंबन के बाद बंदियों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। इस मामले में जेल में कुख्यात 14 बंदियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इनमें कुख्यात धनजी यादव, मिठाई उर्फ दिनेश यादव, धर्मेंद्र यादव, छोटू यादव, डबलू यादव, आशीष पासवान, चेतन राय, अविनाश पासवान, डोमन यादव, नारद यादव, विनोद यादव, दीपक धानुक, विनोद धानुक और ऋषभ वर्मा को आरोपित किया गया है। इनमें दीपक धानुक, विनोद धानुक और ऋषभ वर्मा शाहपुर नपं के पूर्व चेयरमैन की हत्या में आरोपित हैं। धनजी यादव और मिठाई यादव कुख्यात अपराध कर्मी हैं और हत्या जैसी घटनाओं में आरोपित रहे हैं। नगर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष अविनाश कुमार के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि जेल में मोबाइल, सिम, चार्जर और आपत्तिजनक सामान का इस्तेमाल करना अपराध है।

इन बंदियों द्वारा मोबाइल का इस्तेमाल कर अपराधिक षड़यंत्र किया जा रहा था। इधर, प्राथमिकी दर्ज होने के बाद जेल प्रशासन की ओर से इन सभी बंदियों के खिलाफ शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। इन सभी आरोपित बंदियों को दूसरे भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। जेल अधीक्षक संदीप कुमार के अनुसार इन बंदियों को भागलपुर भेजने की अनुशंसा की गयी है। आदेश मिलते सभी को भागलपुर जेल भेज दिया जाएगा।

## जगदीशपुर के उगना गांव में अधेड़ महिला को लगी गोली, हालत गंभीर

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के उगना गांव में बुधवार की सुबह संदेहास्पद स्थिति में एक महिला को गोली लगने की घटना सामने आयी है। कहा जा रहा है कि गोली महिला की दाहिने साइड चेस्ट में लगी थी, जो आरपार हो गई थी। महिला का इलाज शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट अस्पताल में कराया जा रहा है। हालांकि महिला के परिजन गोली लगने की पुष्टि नहीं कर रहे हैं। जख्मी महिला उगना गांव निवासी 55 वषीर्या आसमा खातून है।

उसकी हालत गंभीर है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार की सुबह महिला घर में बैठी थी। तभी संदेहास्पद स्थिति में उसे गोली लग गयी। चर्चा के अनुसार महिला का बेटे के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। उसके बाद उसे गोली मार दी गई। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसके बाद महिला को इलाज के लिए शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और छानबीन में जुट गयी। सूत्रों की मानें तो महिला के परिजनों की ओर से पुलिस को छत से गिरने और रॉड घंसने की बात कही जा रही थी। हालांकि पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है। इधर, इलाज कर रहे सर्जन डाक्टर विकास सिंह ने बताया कि अधेड़ महिला को गोली दाहिने चेस्ट में लगी थी।

## एक नजर

### सीसीटीवी कैमरे से लैस हुआ उर्दू मध्य विद्यालय



**जहानाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित मल्लहचक मोड़ स्थित राजकीयकृत उर्दू मध्य विद्यालय में सीसीटीवी कैमरा लगवाया गया। यह विद्यालय सीसीटीवी कैमरे से लैस जिला जहानाबाद का पहला विद्यालय बन गया। बच्चों की सुरक्षा व शिक्षा की गुणवत्ता को मद्देनजर रखते हुए उर्दू मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने ये कदम उठाया। गौरतलब है कि ये वही स्कूल है जहां के छात्र मोहम्मद जुनैद आलम ने क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर ना सिर्फ स्कूल का बल्कि पूरे जहानाबाद ज़िले का गौरव बढ़ाया। जुनैद को जिलाधिकारी ऋचि पांडेय ने सम्मानित भी किया है। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने कहा कि कैमरे लगवाने के बाद बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा की गुणवत्ता में और अधिक सुधार होगा। वहीं बाल संसद की प्रधानमंत्री महजबी और मीना की अध्यक्ष शफक परवीन का कहना है कि इससे इनके शिक्षक समय पर कक्षा में आएंगे और उनकी शिक्षा व्यवस्था और बेहतर होगी।

### विधिक जागरुकता कार्यक्रम के तहत बच्चों को वरिष्ठ नागरिकों के संरक्षण की दी गई जानकारी



**जहानाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार के निर्देश पर बुधवार को गौतम बुद्ध उच्च विद्यालय में विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें विधि विशेषज्ञ राजीव कुमार एवं शशि भूषण कुमार सिन्हा पारा विधिक स्वयंसेवक ने प्राचार्य के अध्यक्षता में उपस्थित छात्र छात्राओं को जानकारी दी। छात्रों को बताया गया कि समाज में जिस प्रकार से वरिष्ठ नागरिकों की उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं, उसका संरक्षण आवश्यक है। संविधान द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का संरक्षण करने के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत लाचार असहाय बुजुर्गों को यदि उनके परिजन सही रूप से देखभाल नहीं करते हैं और भोजन इत्यादि बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित हैं। जानकारी के अभाव में आज वरिष्ठ नागरिक गण इन सुविधाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं समय-समय पर सरकार उनके हित से संबंधित कई प्रकार की योजनाओं को संचालित करती है। विधिक सेवा प्राधिकार जागरूकता के माध्यम से आम जनों को यह जानकारी देने का पहल करती है की उन्हें किस प्रकार की सहायता और कहां से प्राप्त होगा। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि जो जानकारी प्राधिकार से मिली जानकारी का सदुपयोग करें और अपने समाज में भी इसकी चर्चा करके लोगों को लाभ दिलाने के दिशा में सार्थक पहल कर सकते हैं।

### रेलवे टिकट का अवैध धंधा करने वाला गिरफ्तार



**जहानाबाद।** शहर के मुरलीधर हाई स्कूल के समीप रेलवे टिकट का अवैध धंधा एक व्यक्ति चला रहा था इसकी सूचना रेल विभाग के पुलिस को लगी पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर उस जगह छापामारी किया गया। जिसमें असगर हुसैन नामक एक व्यक्ति जो दुकान का संचालक को गिरफ्तार किया गया ।इसके पास से नगर एवं लैपटॉप एवं कई जगह का रेलवे टिकट इत्यादि कई सामान भी बरामद किया गया है। ज्ञात हो कि रेलवे विभाग पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी मुरलीधर हाई स्कूल के समीप एक व्यक्ति रेलवे टिकट का कालाबाजारी कर रहा है। इसी सूचना के आधार पर एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें उसके दुकान पर छापामारी कर गिरफ्तार किया गया। जैसे ही शहर में यह सूचना फैली रेलवे थाने के पुलिस छापामारी कर रही है। कई कंप्यूटर दुकानदार शटर गिराकर फरार हो गए। ज्ञात हो कि रेलवे विभाग द्वारा लगातार टिकट का अवैध कारोबार करने वाले एक खिलाफ छापामेरी कर रही है।

### तिहरे हत्याकांड के दोनों अभियुक्तों को कोर्ट ने दोषी करार दिया, आजीवन कारावास की सजा

**जहानाबाद।** जिले के चर्चित तिहरे हत्याकांड मामले में सुनवाई पूरी करने के उपरांत अपर जिला जज तृतीय पुष्पम कुमार झा की अदालत ने आरोपी नवाब कुमार और महेश यादव को हत्या का दोषी पाते हुए भादवि की धारा 302 /149 के तहत सश्रम आजीवन कारावास भुगतने का फैसला सुनाया। न्यायालय ने आरोपी को 25 हजार रुपए अर्थदंड भी भुगतान करने का फैसला सुनाया। अर्थदंड की राशि का भुगतान नहीं करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। लोक अभियोजक सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि इस मामले में पारस बीघा थाना क्षेत्र के मिश्र विगहा गांव निवासी सुमित कुमार ने लाली यादव, गेहूंमन यादव, लाल यादव, सतीश यादव, मनीष कुमार, शैलेश कुमार, मधीर कुमार, केलवा देवी, बसमतिया देवी, लालती देवी, झरोखनी कुमारी, रोशनी कुमारी समेत 25 नामजद व 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सूचक ने आरोप लगाया था कि 12 दिसंबर 2017 की मध्य रात्रि नामजद लोगों समेत लगभग 50 की संख्या में हरवे हथियार से लैस लोगों ने उनके घर को घेर लिया। सभी उनके घर में घुस गए और उनके भाइयों ललित कुमार, भूषण कुमार, सुरिषठ कुमार, राजू कुमार तथा वीरेंद्र कुमार को पीट-पीट कर देवी मंदिर के पास ले गए और निर्ममता से पीट कर अधमरा कर दिया। जिससे राजू कुमार, वीरेंद्र कुमार तथा ललित कुमार की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी।

# जानकारी व जागरुकता को हथियार बना रेखा ने जीती टीबी से जंग

- छह माह दवाओं का सेवन किया और टीबी को हराने में हुई सफल

**केटी न्यूज/पटना**



रेखा कुमारी

जानकारी आपको समस्याओं से सजग ही नहीं करती, बल्कि इससे निकलने का रास्ता भी बताती हैं। पटना के अनीसाबाद स्थित शिवपुरी की रहने वाली 26 वर्षीय रेखा ने भी कुछ ऐसा ही किया है। जानकारी एवं जागरूकता को हथियार बना कर टीबी को मात देने में वह सफल हुई है। उनकी यही सकारात्मक सोच उनके लिए टीबी मुक्त वाहिनी से जुड़ने की प्रेरणा भी साबित हुई है। अब वह आम लोगों को टीबी की चुनौतियों से लड़ने की कला भी सीखा रही हैं। रेखा ने बताया कि उन्हें खांसी एवं बलगम में खून आने लगा। वजन घटने के कारण कमजोरी का अहसास भी होने लगा। अपनी बिगड़ती तबियत को देखकर उन्होंने अविलंब चिकित्सीय सलाह एवं उपचार जरुरी लेना जरूरी समझा। वह कहती हैं कि ₹वो गर्दनीबाग अस्पताल में चिकित्सकों से भेंट कर उनसे अपनी परेशानी बतायी और चिकित्सकों ने तुरंत टीबी की जांच कराने की सलाह दी। जांच में टीबी की पुष्टि हुई और चिकित्सकों द्वारा बताये गए दवाओं का पूरे 6 महीने सेवन किया और टीबी को हराने में सफल हुई। उन्होंने कहा कि रोग के प्रति सजगता और जानकारी मेरे बहुत काम आई। ऐसे भी लक्षणों की पहचान और जागरूकता से कोई भी व्यक्ति आसानी से टीबी को मात दे सकता है।

**जागरूक महिला है सशक्त महिला :** रेखा ने बताया कि महिला पूरे घर की धुरी होती है। महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी से एकाकार होना उनके परिवार को टीबी जैसी संक्रामक बीमारी से बचने एवं लड़ने में सहायता करेगा। रेखा ने बताया कि वो सभी मिलने वाली महिलाओं को टीबी सहित अन्य रोगों के बारे में जानकारी रखने की सलाह देती हैं और बताती हैं कि किस माध्यम से उन्हें सटीक एवं पूरी जानकारी उपलब्ध हो सकती है।

### टीबी मुक्त वाहिनी से जुड़कर लोगों में जगा रहीं अलख

रेखा ने मई 2022 में टीबी को मात देकर समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से जून 2022 में टीबी मुक्त वाहिनी से जुड़ने का निर्णय लिया। अब वह टीबी मरीजों को रोग से उनकी लड़ाई में हर स्तर पर मदद कर रही हैं। टीबी रोगियों की जांच, उनके लिए ससमय दवा की उपलब्धता, मरीज दवा के पूरे कोर्स का सेवन करें, यह सब रेखा सुनिश्चित करती हैं। मरीजों को नियमित अंतराल पर फोन कर उनका हाल लेती हैं और उनके घरवालों का भी मनोबल बढ़ाती हैं।

### कर्मठता एवं जानकारी है रेखा की पहचान

टीबी उन्मूलन के लिए काम कर रही संस्था रीच के स्टेट ऑपरेशन लीड बिपिन कुमार सिंह ने बताया कि रेखा जैसी टीबी चैंपियन का टीबी मुक्त वाहिनी से जुड़ना उन्मूलन अभियान को गति दे रहा है। रेखा अपने व्यक्तिगत अनुभव को टीबी मरीजों के साथ साझा कर उन्हें प्रोत्साहित करती हैं और जागरुकता के महत्त्व के बारे में बताती हैं। उन्होंने बताया कि रेखा सभी मिलने जुलने वालों को बताती हैं कि टीबी मरीजों से भेदभाव वाला रवैय्या मरीजों के मनोबल को तोड़ता है।

## खबरें फटाफट

### गोला रोड से शराब बरामद, कारोबारी हुआ फरार

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने गोला रोड के सब्जी मंडी के समीप से भारी मात्रा में शराब बरामद किया। लेकिन, शराब लेकर बाइक पर जा रहे दो धंधेबाज पुलिस को चकमा देकर फरार हो गये। हालांकि, पुलिस फरार धंधेबाजों की शिनाख्त करने में जुटी हुई है। बताया जाता है कि पुलिस की टीम देररात गश्ती में निकली थी। इसी दौरान सुबह करीब तीन बजे चौक की ओर से दो लोग बाइक पर बोरा लादे दिखाई दिये। जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन बाइक चालक ने अपनी गति बढ़ा दी। पुलिस बाइक का पीछा किया तो बाइक सवारों ने गोला रोड के सब्जी मंडी के समीप बोरे को फेंक फरार हो गये। जवानों ने फेंके गये बोरे की तलाशी मिली। जिसमें 180 एमएल के 48 पीस अंग्रेजी शराब के टेट्रपैक थे।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक युवक जख्मी

**कृष्णाब्रह्म।** एनएच 84 पर चौकिया मोड़ के समीप बुधवार की दोपहर तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहा प्राथमिक इलाज के बाद उसे सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया गया है। जख्मी ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के गायघाट गांव निवासी स्व. चन्द्रमा बिंद के 24 वर्षीय पुत्र अजय चौधरी है। मिली जानकारी अनुसार वह अपने मामा गांव भभुआ जा रहा था। इसी दौरान चौकिया मोड़ के पास एक ट्रैक्टर ने उसे धक्का मार दिया। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद ट्रैक्टर चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया। इधर जख्मी युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

### स्कूली बस के धक्के से मजदूर जख्मी

**चौसा।** बुधवार की सुबह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कमरपुर- चुन्नी मार्ग मिल्की पुल के समीप एक तेज रफ्तार स्कूली बस के धक्के से बाइक सवार युवक जख्मी हो गया। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद बस चालक जहां बस लेकर फरार हो गया। वहीं स्थानीय निवासियों द्वारा जख्मी युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। जख्मी की पहचान पवनी गांव के राजेश प्रसाद उम्र 30 वर्ष के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि जख्मी युवक चौसा थर्मल पावर प्लांट में मजदूर है तथा वह सुबह सुबह अपने कार्यस्थल पर जा रहा था।

### दो थानों में कुल 217 अग्नेयास्त्र का हुआ भौतिक सत्यापन

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के दो थानों में तीन दिवसीय अग्नेयास्त्रों का भौतिक सत्यापन शिविर बुधवार को संपन्न हो गया। दो थाना नावानगर एवं सिकरौल में क्रमशः बीडीओ मनोज कुमार एवं सीओ अजीत कुमार ने आग्नेयास्त्रों का सत्यापन किया। तीन दिनों की शिविर में कुल 217 लाइसेंस धारियों ने अपनी अग्नेयास्त्र का भौतिक सत्यापन कराया। जिसकी रिपोर्ट तैयार कर दोनों अधिकारी ने जिला प्रशासन को भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पहले दिन सोमवार को नावानगर में 26 अग्नेयास्त्र धारकों ने अपनी लाइसेंसी हथियार का भौतिक सत्यापन कराया।

# युवा उत्सवः प्रतिभागियों ने शास्त्रीय गायन-वादन, लोकनृत्य से बिखेरी कला की चमक

- अनुमंडल स्तरीय युवा महोत्सव में प्रतिभागियों की कला से मंत्रमुग्ध हुए दर्शक, मिली वाहवाही
- चयनित प्रतिभागियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में मिलेगा मौका

**केटी न्यूज/डुमरांव**




नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं



बुधवार को डुमरांव नगर भवन में अनुमंडल स्तरीय युवा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन एसडीएम कुमार पंकज, निर्णायक मंडल व संयोजक अनुराग मिश्र द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रतियोगिता में सुदूर क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रीय युवा उत्सव के अंतर्गत होने वाले इस युवा उत्सव में क्रमशः शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय वादन, समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य, बांसुरी वादन, गिटार वादन, हारमोनियम, सुगम एवं नाटक आदि को शामिल किया गया था। प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक उम्दा प्रस्तुतियां हुई। जिसमें प्रतिभागियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान भी सुनिश्चित किया।

जानकारी के अनुसार शास्त्रीय गायन में प्रथम स्थान पर डिंपल कुमारी, द्वितीय स्थान पर अनुप कुमार एवं तृतीय स्थान पर सतीश कुमार रहे। समूह लोकगीत में रितम एंड ग्रुप प्रथम स्थान, सोनाली एंड ग्रुप द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान पर अनु एंड ग्रुप रहे।

शास्त्रीय नृत्य में रितम दुबे, समूह लोकनृत्य में रितम एंड ग्रुप प्रथम स्थान पर श्रुति एंड ग्रुप जवाहर नवोदय विद्यालय द्वितीय स्थान पर रहा। एकल लोकगीत में प्रथम स्थान पर मोहम्मद शाहिद और द्वितीय स्थान पर अभिनंदन ओझा रहे। हारमोनियम सुगम में मोहम्मद शाहिद शास्त्रीय वादन में गिटार पर मोहम्मद राशिद और बांसुरी पर प्रिंस कुमार ने प्रथम स्थान अर्जित किया। नाटक में जवाहर नवोदय विद्यालय ने प्रथम स्थान पाया जबकि चित्रकला में मधु कुमारी ने एवं हस्तकला में नीतू वर्मा प्रथम स्थान के लिए चयनित हुई। निर्णायक मंडल में चिलहरी उच्च विद्यालय के शिक्षक रवि रंजन चौबे, राज प्लस टू के बृजेश कुमार चौबे, एवं डीएवी के संजय मुखर्जी शामिल थे। कार्यक्रम के संयोजक व शिक्षक अनुराग मिश्र ने उद्घोषक की भूमिका निभाई। धन्यवाद ज्ञापन बीडीओ संतोष कुमार ने किया।

## राजपुर पुलिस ने जब्त किया ट्रांसपोर्ट कंपनी का 350 पेटी शराब व कंटेनर

# ऐमेजन पैकर्स एंड मूवर्स के कंटेनर से कोलकाता जा रही 50 लाख की शराब बरामद, तीन हिरासत में

- चालक, खलासी समेत तीन से की जा रही है पूछताछ

**केटी न्यूज / बक्सर**

जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के रूपापोखर गांव से बुधवार की सुबह पुलिस ने एक कंटेनर से 350 पेटी विदेशी शराब को बरामद किया है। पुलिस गाड़ी चालक आमीर, खलासी वारिस तथा राजेश कुमार राय को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। राजपुर थानाध्यक्ष युसूफ अंसारी ने बताया कि चालक ने पूछताछ में बताया कि विदेशी शराब दिल्ली से कोलकाता के लिए ऐमेजन पैकर्स एंड मूवर्स कंपनी द्वारा ट्रांसपोर्ट बुक किया गया था। इसी कंटेनर में चौबे की छावनी गांव निवासी राजेश कुमार राय का भी सामान लाया गया था। लोड सामान को उतारने के दौरान हुए विवाद में पुलिस को मिली सूचना के बाद जब्त कर लिया गया।

इस बारे में राजेश कुमार राय ने पुलिस को बताया है कि वह दिल्ली में रहकर दुकान चलाता था। वहां दुकान बंद होने के बाद वहां से सभी सामान को गांव लाने के लिए ट्रांसपोर्ट कंपनी को दो माह पहले 27 हजार रुपए में बुक कराया था। दो दिन बाद कंपनी ने 50000 का बिल भेज दिया। विरोध जताने पर कंपनी ने माल को रोक दिया। पुनः दो महीने बाद सामान को ट्रांसपोर्ट के जरिए गांव लाने के लिए कहा तो कंपनी वाले ने भाड़ा के अलावा सामान रखने के किराया भी जोड़ लिया। राजेश कुमार ने तीस हजार रुपया ऑनलाइन कंपनी को पेमेंट कर दिया। 26 नवंबर को भुगतान किए जाने के बाद कंपनी ने दिल्ली से सामान कंटेनर में भेज दिया।



राजपुर थाना परिसर में रखी गईं जब्त शराब की पेटियां

### कंटेनर के चालक ने डायल 100 पर कॉल कर पुलिस को दी जानकारी

30 नवंबर कि सुबह कंटेनर कोचस के रास्ते राजपुर तियरा पेट्रोल पंप के समीप मिलने पर राजेश ने गाड़ी लेकर अपना सामान रख लिया। जिसको लेकर कंपनी वाले को व्हाट्सएप पर मैसेज किया एवं अपने गायब सामान के बदले कंटेनर से शराब की पांच पेटियां भी उतार ली। इसके बाद हरियाणा के नुहू जिला अंतर्गत गोलपुरी गांव के रहने वाला चालक आमिर ने डायल 100 पर कॉल कर पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। चुकी मामला शराब का था तो पुलिस ने तत्परता दिखाई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कंटेनर समेत शराब राजपुर थाने में लाकर खड़ा कर दिया। पुलिस चालक आमिर, खलासी वारिस एवं राजेश कुमार राय को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### चालक के पास शराब रखने व ढुलाई करने के वैध कागजात

एसडीपीओ गोरख राम निरीक्षक दिलीप कुमार पाठक एंटी लिकर टास्क फोर्स प्रभारी सुभाष चंद्र प्रसाद ने बताया कि विदेशी शराब की कीमत 50 लाख रुपए है। इस मामले को लेकर पुलिस भी पशोपेश में है। बिहार में शराब अवैध है। जबकि चालक के पास शराब रखने तथा ढुलाई करने का वैध कागजात है। पुलिस इस मामले में अधिकारियों से सलाह मशविरा कर रही है। फिलहाल यह मामला पुलिस प्रशासन एवं नियम कानून के जानकार लोगों के बीच चर्चा का विषय बना है।

## एक नजर

### प्लांट के अधिग्रिहित भूमि का सीमांकन कराए जाने से नाराज किसानों ने किया सड़क जाम



**चौसा।** चौसा थर्मल पॉवर प्लांट के लिए रेलवे लाईन व वाटर पाइप लाइन बिछाने के लिए किए गए जमीन अधिग्रहण का कम मुआबजा मिलने का आरोप लगा डेढ़ महीने से धरना दे रहे किसानों का आंदोलन बुधवार को अचानक उग्र हो गया। किसानों ने बक्सर कोचस मार्ग (स्टेट हाईवे-13) को देर शाम तक जाम रखा। किसानों उग्र रूख अख्तियार करने का मुख्य वजह प्रशासन द्वारा अधिग्रिहीत भूमि का सीमांकन करना था। किसानों ने आरोप लगाया कि प्रशासन एसजेवीएन कंपनी के साथ मिल जबरन उनकी जमीन को औने पौने दामों पर ले रही है। बता दें कि चौसा थर्मल पावर में रेलवे लाईन बिछाने तथा पाइप लाइन के लिए कंपनी द्वारा स्थानीय किसानों की जमीन अधिग्रिहीत की गई है। लेकिन उसका मुआबजा 2014 के रेट से दिया जा रहा है। इससे नाराज किसान पिछले डेढ़ महीने से धरना दे रहे है। किसान धरना के माध्यम से अपने जमीन के अद्यतन रेट के भुगतान की मांग कर रहे थे। लेकिन प्रशासन और कंपनी द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। अलबत्ता बुधवार को प्रशासन उक्त जमीन का सीमांकन भी करने लगी। जिससे नाराज किसानों ने बक्सर कोचस मार्ग पर मुरा बाबा स्थान के पास स्टेट हाईवे को जाम कर दिया। जिससे इस मार्ग पर परिचालन पूरी तरह से ठप हो गया था। देर रात तक किसानों का सड़क जाम जारी था। जिससे इस मार्ग पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई थी। किसानों की मानें तो गुरूवार को उनका आंदोलन और उग्र होगा। जिसकी जिम्मेवारी प्रशासन की होगी।

### अब नहीं चलेगी अस्पतालों में कर्मचारियों की मनमानी, पीएचसी में लगा बायोमेट्रिक मशीन



**केसठ।** केसठ प्रखंड में अब डॉक्टरों व पीएचसी कर्मियों की मनमानी नहीं चलेगी। स्वास्थ विभाग द्वारा इस पीएचसी में कर्मियों की मनमानी तथा लेटलतिफी रोकने के लिए बायोमेट्रिक मशीन लगा दिया है। अब यहां कार्यरत चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी इसी मशीन से अपनी हाजिरी बनाएंगे। इस मशीन में उनके आने व जाने दोनों की टाइमिंग फिक्स रहेगी। जिससे उनकी मनमानी पर लगाम लग जाएगा। बता दें कि केसठ समेत सभी स्वास्थ केन्द्रों में डाक्टर तथा कर्मी सरकारी निदेशों को दरकिनार कर अपनी मर्जी से ड्यूटि बजाते थे। जिसका खामियाजा मरीजों तथा उनके परिजनों को भुगतना पड़ता था। खासकर केसठ पीएचसी के डॉक्टरों व कर्मियों का हाल था कि बारह बजे लेट नहीं और दो बजे भेट नहीं। गौरतलब है कि जिलेभर में मिल रही ऐसी शिकायतों के बाद ही डीएम ने सीएस को सभी पीएचसी व सरकारी अस्पतालों में बायोमेट्रिक हाजिरी बनवाने का निर्देश दिया था। इसी के तहत बुधवार को स्थानीय पीएचसी में बायोमेट्रिक मशीन लगाया गया। पीएचसी में नियमित एवं संविदा पर कार्य करने वाले डॉक्टर सहित अन्य सभी कर्मियों को अब बायोमेट्रिक सिस्टम से उपस्थिति बनानी होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनय कुमार ने बताया कि पीएचसी में सभी पदस्थापित कर्मियों को अब आने और जाने के समय बायोमेट्रिक मशीन से अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होगी। बायोमेट्रिक मशीन लगने के बाद विलंब से आने वाले कर्मियों की मुश्किलें बढ़ सकती है। इसकी निगरानी जिला व राज्य स्तरीय पदाधिकारी करेंगे।

# राशन कार्डधारी परिवार के सभी सदस्यों को निःशुल्क मिलेगा पांच किग्रा चावल

- चावल नहीं मिलने पर एमओ, एसडीओ व जिला आपूर्ति पदाधिकारी को कर सकते हैं शिकायत
- पीएमजीकेएवाई के तहत पीएचएच व एएवाई लाभुक कर सकेंगे उठाव

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिला आपूर्ति पदाधिकारी बक्सर से प्राप्त सूचनानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों को माह नवम्बर 2022 हेतु खाद्यान्न का वितरण जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं द्वारा ई-पॉश के माध्यम से दिनांक 28 नवंबर से प्रारंभ है।

नियमित खाद्यान्न के तहत पीएचएच लाभुकों को प्रति सदस्य एक किलो गेहूं (दो रुपए प्रति किग्रा) एवं चार किग्रा चावल (03 रुपए प्रति किग्रा) तथा एएवाई लाभुकों को प्रति परिवार सात किलो गेहूं (दो रुपए प्रति किग्रा) एवं 28 किलो चावल (03 रुपए प्रति किग्रा) दिया जा रहा है। साथ ही, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित सभी लाभुकों को माह नवंबर 2022 हेतु प्रति सदस्य 05 किलो चावल मुफ्त में वितरण किया जा रहा है। लाभुकों से अनुरोध है कि अपने-अपने जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के यहां से सरकार द्वारा दिए जा रहे माह नवंबर 2022 के लिए एक साथ दोनों योजनाओं का खाद्यान्न प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। लाभुकों को कठिनाई होने पर अपने संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी अथवा जिला आपूर्ति पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

### माता-पिता व गुरूजनों का सम्मान करना जरूरी : पीतांबर जी महाराज

**केटी न्यूज/डुमरांव**



ठोरी पांडेयपुर गांव में आयोजित हो रहे श्री रुद्र महायज्ञ सह विराट धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। पूरे दिन विद्वान ब्राह्मणों द्वारा किए जा रहे मंत्रोच्चार व भागवत कथा के प्रवचन से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस महायज्ञ में शामिल हो रहे है तथा दिनभर यज्ञ मंडप की परिक्रमा अनवरत जारी रहती है। सुबह से लेकर शाम तक परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा रहता है। सबसे अधिक भीड़ महिलाओं की हो रही है। वही यज्ञाचार्य के नेतृत्व में वैदिक ब्राह्मणों द्वारा पूरे दिन विविध तरह के धार्मिक अनुष्ठान व हवन किए जा रहे हैं। इस महायज्ञ में सुबह में श्री शिव महापुराण के कथावाचन के साथ ही शिवार्चन व रुद्राभिषेक भी किया जा रहा है।

वैष्णवमणि नारायणाचार्य ने सनातन संस्कृति को बचाए रखने के लिए यज्ञ व हवनादि के आयोजन को जरूरी बताते हुए लोगों से इस महायज्ञ में शामिल होने तथा यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। इसका मानव जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शाम में वृंदावन से आई रासलीला मंडली द्वारा रासलीला का मंचन किया जा रहा है। बुधवार को श्री शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन स्वामी प्रेमनारायणाचार्य ह्लपीताम्बर जीह्न महाराज ने माता-पिता व गुरू का सम्मान करने की नसीहत दी और कहा कि इससे हमारा जीवन सफल होता है।

## पांडेय पट्टी एचडब्ल्यूसी पर जनआरोग्य समिति की बैठक में लिए गए विभिन्न निर्णय

# एचडब्ल्यूसी पर मूलभूत सुविधाओं को बहाल करना पहली प्राथमिकता : सीएचओ

- समिति के सदस्यों ने सेंटर पर व्याप्त समस्याओं से कराया अवगत

**केटी न्यूज/बक्सर**

सरकार की अति महत्वकांक्षी आयुष्मान भारत योजना के तहत संचालित आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) पर सेवाओं और सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए जन आरोग्य समिति का गठन किया गया है। ताकि, पंचायत स्तर पर लोगों को बेहतर व सुविधाजनक स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सकें। जिसके मद्देनजर सदर प्रखंड के पांडेय पट्टी स्थित एचडब्ल्यूसी स्तर पर भी जन आरोग्य समिति का गठन किया गया है। इस क्रम में जन आरोग्य समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एचडब्ल्यूसी पर मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने के लिए मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के सदस्यों ने सर्वप्रथम पेयजल और सेंटर की साफ-सफाई का मुद्दा उठाया। जिसमें सभी की राय पर सेंटर के लिए अस्थायी रूप से सफाईकर्मी की व्यवस्था करने की बात कही गई। जिसका भुगतान सेंटर को मिलने वाले फंड से किया जाएगा। बैठक में सीएचओ श्वेता सिंह ने कहा कि सेंटर पर मूलभूत सुविधाओं को बहाल करना हमारी पहली प्राथमिकता है। बैठक में एएनएम साधाना कुमरी, आशा फैसिलिटेटर अर्चना श्रीवास्तव, आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका किरण देवी, जीविका वीओ गीता देवी व अन्य सदस्य शामिल हुए।



**फंड के लिए एनजीओ व अन्य संस्थानों की तैयार की जाएगी सूची** : सीएचओ श्वेता सिंह ने बैठक में कहा कि एचडब्ल्यूसी पर मूलभूत सुविधाओं के अलावा अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाना है। जिसमें आधारभूत संरचना, साज सज्जा समेत अन्य सुविधाएं शामिल हैं। जिनको बेहतर बनाने के लिए फंड की आवश्यकता होगी। इसके लिए गाइड लाइन्स के अनुसार समिति के द्वारा एनजीओ व अन्य संस्थानों से फंड ले सकती है। ताकि, उक्त राशि का प्रयोग सेंटर की बेहतरी के लिए किया जा सके। उन्होंने कहा कि फंड के लिए पंचायत व प्रखंड स्तर पर संचालित एनजीओ या संस्थानों की सूची तैयार कर उनसे संपर्क किया जाएगा। जिसके बाद उनसे संपर्क कर योजना के तहत फंड या सीआरएस फंड के लिए प्रेरित किया जाएगा। आगामी बैठक ऐसे संस्थानों की सूची के साथ की जाएगी।

**ग्राम सभा का आयोजन कर गामीणों की ली जाएगी राय** : सीएचओ श्वेता सिंह ने समिति के सदस्यों को बताया, जन आरोग्य समिति का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाया जा सके। इसलिए सबसे जरूरी बात यह है कि ग्रामीणों के स्तर पर भी सेवाओं व सुविधाओं में आ रही कमियों को चिह्नित किया जाए। इसके लिए ग्राम सभा कर लोगों की राय लेनी है। जिसके बाद बिंदुवार उन कमियों को दूर करने के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। ताकि, सेंटर अंतर्गत सभी गांव के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा सके। जिस पर समिति के सदस्यों ने अपनी सहमति जताई।

## शहर छोटी खबरें

### चाकू से गोदकर की किसान की हत्या

**मऊ।** हलधरपुर थाना क्षेत्र के जमीन सहरुल्लाह ग्राम पंचायत में बुधवार को 62 वर्षीय रामअवध यादव की अज्ञात बाइक सवार ने चाकू से गोद कर हत्या कर दी। जिसके बाद इलाके में सनसनी मच गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रामअवध यादव अपने घर से तेल निकलवाने के लिए सरसों लेकर साइकिल से पहसा बाजार गए। वापसी के क्रम में घर से कुछ ही दूरी पर स्थित गन्ने के खेत के पास पहुंचे तभी बाइक सवार एक अज्ञात हमलावर ने उनके सिर एवं पेट में चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुए हमले के बाद रामअवध को संभलने का मौका नहीं मिला और वहीं ढेर हो गए। इस दौरान हमलावर फरार हो गए।

### छेड़खानी के मामले में अभियुक्त को तीन वर्ष का कारावास

**बलिया।** अपर सत्र एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट गोविंद मोहन की अदालत ने नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी करने के मामले में सुनवाई करते हुए अभियुक्त कृष्णा राजभर को तीन वर्ष के सश्रम कारावास और 5000 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा। वादी मुकदमा ने वर्ष 2015 में थाना बांसडीह में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कृष्णा राजभर उसकी लड़की से छेड़खानी करने लगा। हम लोगों ने विरोध किया तो अपनी मां के साथ लाठी-डंडा लेकर घर में घुसकर मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। विवेचक ने अभियुक्त के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया।

### दिव्यांगजनों के लिए तिथिवार लगेगा शिविर

**बलिया।** जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभागद्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं/ कार्यक्रमों से दिव्यांगजनों को लाभान्वित करने हेतु दिव्यांगजन को उनकी आवश्यकता के अनुसार नि:शुल्क कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदान कराने जाने के उद्देश्य से विकास खण्ड स्तर पर वृहद चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न योजनाओं की सुविधा प्रदान की जाएगी। साथ ही कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण जैसे-ट्राइसाईकिल, व्हीलचेयर, बैशाखी, श्रवण यंत्र, वाकर, अन्ध छड़ी, बनावटी अंग कैलिपर्स, कृत्रिम हाथ पैर आदि का चिन्हांकन किया।

# राष्ट्रीय जलमार्ग नंबर एक के बीच जल परिवहन का हब बनेगा बलिया : दयाशंकर सिंह

- परिवहन राज्य मंत्री ने कहा- पर्यटन के एक नए युग की होगी शुरुआत
- वाराणसी से हल्दिया के बीच स्थित बलिया का होगा महत्वपूर्ण स्थान
- जलमार्ग से सीधे जुड़ेगा सुरहा ताल पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा



दयाशंकर सिंह, परिवहन राज्य मंत्री

**केटी न्यूज/बलिया**

गंगा नदी में वाराणसी से हल्दिया तक विकसित हो रहे राष्ट्रीय जलमार्ग नंबर एक के बीच बलिया जनपद जल परिवहन का हब बनेगा। वाराणसी से हल्दिया के बीच बिहार की सीमा पर स्थित बलिया जनपद का भी जल परिवहन में महत्वपूर्ण स्थान होगा। जलमार्ग के हो रहे विकास के क्रम में यहां करीब तीन जेट्टी के निर्माण की योजना है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रदेश सरकार के परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि पिछले दिनों हुए कैबिनेट में वाराणसी से बलिया के बीच करीब 15 जेट्टी बनाए जाने का प्रस्ताव पारित भी कर दिया गया है। जेट्टी के निर्माण के साथ ही यहां जहाजों के ठहराव आदि का रास्ता साफ हो जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि जेट्टी बन जाने के बाद जलमार्ग से होकर गुजरने वाले जहाज सीधे यहां रुक सकेंगे और उन पर सामान उतारने व चढ़ाने का काम किया जा सकेगा। इससे कोलकाता से होने वाले व्यापार आदि पर सीधे असर पड़ेगा। यह जलमार्ग जनपद के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

**यातायात का सबसे सुगम बहुत सस्ता माध्यम है:** मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि जल परिवहन यातायात का सबसे सुगम बहुत सस्ता माध्यम है। कहा इससे जहां सड़क मार्ग पर वाहनों का दबाव कम होगा तो हादसों पर भी विराम लगेगा। जलमार्ग के विकसित होने के बाद कटहल नाला के रास्ते इसे सीधे सुरहा ताल से जोड़ा जाएगा। यह पर्यटन के लिहाज से बहुत बड़ा काम होगा। इसे देखते हुए ही सुरहा ताल में जल्द नावों के संचालन की योजना बनाई गई है सुरहा ताल में ईको टूरिज्म की व्यवस्था स्थापित की जाएगी। कहा कि सब कुछ ठीक रहा तो बलिया में भी जल्द ही बड़े जहाज व स्पीड बोट आदि का संचालन शुरू हो जाएगा।

### लोगों को मिलेगा रोजगार का अवसर

परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि जलमार्ग के विकसित होने से जनपद में पर्यटन के एक नए युग की शुरूआत होगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही लोगों को रोजगार का भी अवसर मिलेगा। जिले के नाविक गंगा नदी में नावों व बोट आदि का संचालन आसानी से कर सकेंगे जिससे उन्हें रोजगार का बहुत बड़ा अवसर मिलेगा। जनपद के जल परिवहन से जुड़ने के बाद इसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। किसान सब्जी व अपने अन्य उत्पाद सीधे वाराणसी भेज सकेंगे। जहाजों का आवागमन शुरू होने के बाद किसी भी सामान की ढुलाई सड़क मार्ग के अपेक्षा काफी सस्ती व सुविधाजनक होगी। सड़क मार्ग की अपेक्षा यह काफी सस्ता होगा जिससे इसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा।

## सड़क हादसे में घायल किसान की बनारस जाने के दौरान मौत



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले के रेवतीपुर थाना क्षेत्र के वीरऊपुर निवासी हवलदार राम (48) बीती रात सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वाराणसी जाने के क्रम में उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया जाता है कि बीते मंगलवार को नगदीलपुर-कामाख्या मार्ग से हवलदार राम साइकिल पर खेत से पुआल लेकर अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान गांव से कुछ दूरी पर सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसके कारण साइकिल सवार गम्भीर रूप से जख्मी हो गया, वहीं खुद को पकड़े जाने के डर से पिकअप चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंचे। इसके तत्काल बाद हादसे में घायल को इलाज के लिए गहमर स्थित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। हालत गंभीर देख चिकित्सक ने घायल को रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन वाहन से वाराणसी ले जा रहे थे कि रास्ते में ही घायल ने दम तोड़ दिया।

मृतक का शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद से ही पत्नी तारा देवी व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों के मुताबिक मृतक मजदूरी कर किसी तरह अपने परिवार का भरणपोषण करता था।

### मांगे पूरी नहीं होने पर हड़ताल पर बैठे विद्युत अधिकारी और कर्मचारी, कार्यालयों में लटके ताले

# जिला संयोजक बोले... भ्रष्ट प्रबंधन के साथ कोई अधिकारी एवं कर्मचारी कार्य करने को तैयार नहीं

- तानाशाह चेयरमैन को तत्काल पद से हटाने की उठी मांग
- कहा - बिजली कर्मियों को पिछले कई वर्षों से लंबित बोनस का भुगतान किया जाए



धरने पर बैठक विद्युत अधिकारी और कर्मचारी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में मांगों को लेकर अधिकारी और कर्मचारियों का हड़ताल दूसरे दिन कार्य बहिष्कार रहा। बुधवार को जारी हड़ताल में बिजली कर्मचारी, अवर अभियंता व अभियंता अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए हड़ताल पर रहे। बताया कि ऊर्जा निगमों के बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं की ज्वलंत समस्याओं से समाधान के लिए प्रबंधन का हठवादी और दंडात्मक रवैया बना हुआ है। जिससे बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा है। हड़ताल के कारण बिजली दफ्तरों में ताले लटके रहे हैं। जिला संयोजक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि हम विद्युत कर्मियों ने कल ऊर्जा चेयरमैन एवं भ्रष्ट प्रबंधन के साथ कोई भी अधिकारी एवं विद्युत कर्मी कार्य करने को तैयार नहीं है। ऐसे तानाशाह चेयरमैन को तत्काल पद से हटाया जाए। तभी प्रदेश के सभी विद्युत कर्मी स्वच्छ वातावरण एवं भय मुक्त होकर अपने कार्य को संपादित करेंगे। बिजली कर्मियों को एलएमवी-10 की सुविधा जारी रखी जाए। समस्त बिजली कर्मियों को पिछले कई वर्षों से लंबित बोनस का भुगतान किया जाए। सभी रेगुलर कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लागू किया जाए।

**15 सूत्रीय मांगों को तत्काल सरकार पूरा करे:** सह संयोजक मिथिलेश यादव ने कहा कि तेलंगाना, पंजाब, दिल्ली, उड़ीसा सरकार के आदेश के भांति ऊर्जा निगमों के समस्त कर्मियों को नियमित किया जाए। सहायक अभियंता मिठाई लाल ने बताया कि इस चेयरमैन के रहते शुद्ध वातावरण में कोई भी अधिकारी कार्य करने को तैयार नहीं है। ऊर्जा मंत्री एवं मुख्यमंत्री तत्काल हस्तक्षेप करते हुए हमारे विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति से वार्ताकर हमारी 15 सूत्रीय मांगों को तत्काल पूरा कराएं और हम लोग कार्य करने को तैयार हैं। मौके पर अधीक्षण अभियंता मोहन राकेश, अधिशासी अभियंता हेमंत सिंह, चंद्रपाल सिंह, मनीष कुमार, आशीष चौहान, सहायक अभियंता सत्यम त्रिपाठी, अभिषेक राय, संतोष चौधरी, सुधीर सिंह, अवर अभियंता योगेंद्र प्रसाद दानी, तपस कुमार, प्रमोद यादव, महबूब अली, कुलदीप नैय्यर, अमित गुप्ता, एसके ओझा, नीरज सोनी सहित समस्त विद्युत कर्मी मौजूद रहे।

### देरशाम निकली मशाल जुलूस में भारी संख्या में शामिल हुए कर्मी

**गाजीपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा बिजली कर्मचारियों, अवर अभियंताओं व अभियंताओं ने न्यायसंगत समस्याओं को लेकर मसाल जुलूस निकाला। ऊर्जा निगमों के बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं की ज्वलंत समस्याओं को लेकर 17 नवंबर से लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन प्रबंधन का हठवादी व दंडात्मक रवैया बना हुआ है। जिससे बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा देखने को मिल रहा है। शहर की सड़कों पर निकले मशाल जुलूस में सैकड़ों की संख्या में बिजली कर्मी शामिल रहे और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## कुएं में फेंकी गई दवाओं की जांच को पहुंची राजस्व विभाग की टीम

- उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में सफाई कर्मियों ने कुएं से निकाली दवाइयां
- ग्रामीणों की शिकायत पर जांच टीम की गई है गठित

**केटी न्यूज/मऊ**

रतनपुरा प्रखंड के गुलौरी गांव निवासी अरुण कुमार सिंह डबलू के खेत में स्थित कुए में बीते दिनों सरकारी दवा फेंकी गई थी। जिसकी जांच बुधवार के दिन सदर उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में की गई। जांच पड़ताल में उपजिलाधिकारी अशोक कुमार तिवारी, तहसीलदार संजीव कुमार यादव, नायक तहसीलदार अनुराग सिंह, कानूनगो रामकृत पासवान, आत्माराम ,लेखपाल राम भवन मोर्य और तमाम सफाई कर्मी थे। राजस्व



कुएं में फेंकी दवाएं

टीम ने जांच पड़ताल 12:00 बजे से लेकर सायं काल चार बजे तक किया और सफाई कर्मियों की मदद से लगभग 10 बोरी दवा निकाली गई। जिसे अधिकारी अपने साथ वाहनों में लादकर मुख्यालय ले गए।

उल्लेखनीय है कि सरकारी अस्पतालों से जरुरतमंद को दवा नहीं मिल पा रही है। वहीं, दूसरी तरफ सरकारी दवाएं खेत के कुएं में फेंकी जा रही है। जिसकी शिकायतों का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जांच पड़ताल शुरू करा दी है ,और प्रकरण की स्वयं निगरानी कर रहे हैं।

उधर प्रगतिशील किसान और अरुण कुमार सिंह उर्फ डबलू ने शासन प्रशासन से मांग किया है कि उनके खेत में चार पहिया वाहन से फसल को रौंद दिया गया है। वहीं, कुएं में दवांए फेंक करके उनके कुएं को जहरीला बना दिया गया है। उनके फसल को बर्बाद कर दिया है। तथा सिंचाई नहीं किया जा सकता। ऐसी विकट परिस्थितियों में छतिपूर्ति दिलाई जाए। जांच पड़ताल के दौरान ग्राम पंचायत वासी सौरभ सिंह, नरेंद्र प्रताप सिंह, बच्चा सिंह, निशान्त सिंह, अरूण कुमार सिंह तथा ग्राम प्रधान राजेश कुमार उपस्थिति थे। जिनका बयान दर्ज किया गया। कुएं से निकाली गई कुछ दवाएं एक्पायरी, तो कुछ 2024 तक वैध पाए गए।

## पति से जेल में मिलने गई पत्नी ने साथ मिलकर खाया जहर

- बिस्कुट में विषाक्त पदार्थ मिलाकर लाई थी युवती
- जहां हालत नाजुक देख युवक को किया गया रेफर

**केटी न्यूज/बलिया**

जिला कारागार में बीते दि अजीब घटना घटी। जिसके बाद जेल में हड़कंप मच गया। घटना सोमवार की है। जिसमें एक युवती ने जेल में निरूद्ध अपने पति के साथ विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसके बाद दोनों बेहोश हो गए। आननफानन में सूचना मिलने पर जेल प्रशासन के अधिकारी वहां पहुंचे और दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान निरूद्ध बंदी की हालत काफी नाजुक हो गई थी। जिसे बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया गया।

मामले में बताया जाता है कि बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के डुमरी निवासी सूरज साहनी (25 वर्षीय)



अस्पताल में युवती का इलाज करते चिकित्सक

की पत्नी नीलम साहनी (25 वर्षीय) जेल में बंद अपने पति से मिलने के लिए बुधवार की सुबह जेल में पहुंची। पति के लिए वो बिस्कुट व अन्य खाद्य सामग्री लेकर आई थी। लेकिन, उसने बिस्कुट में पहले से ही विषाक्त पदार्थ मिला रखा था। नियमानुसार दोनों की मुलाकात हुई और दोनों बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान दोनों ने बिस्कुट खाया, जिसके बाद उनकी स्थिति बिगड़ने लगी और दोनों अचेत हो गए। यह देख वहां मौजूद बंदियों और अन्य लोगों ने सुरक्षा कर्मियों को इसकी जानकारी दी।

## एक नजर

### अवैध गांजा के साथ एक अपराधी गिरफ्तार



**गाजीपुर।** पुलिस कप्तान ओमवीर सिंह के निर्देश पर जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी जमानिया की देखरेख में वांछित, वारंटी, नकबजनी व लूट से संबंधित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह दबिश दी जा रही है। इसके तहत बुधवार को उनि हरिश्चन्द्र वर्मा ने अपने हमराहियों के साथ उतरौली नहर पुलिया पर कुछ अपराधियों की खोजबीन में जुटे थे। इसी बीच सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध गांजा लेकर भदौरा से रेवतीपुर की ओर आ रहा है। सूचना के आधार पर उक्त व्यक्ति ने उतरौली नहर पुलिया के पुलिस को तैनात देखा, तो वह वहां से भागने लगा। जिसे देख जवानों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। छानबीन के दौरान तस्कर के पास से एक सफेद प्लास्टिक के झोले में कुल 1200 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए तस्कर ने बताया कि वह रेवतीपुर अंतर्गत जयन्ती राय पट्टी निवासी विरेन्द्र राय का बेटा भोलानाथ राय। जिसके बाद कागजी कार्रवाई करने के बाद उसे एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर चालान कर दिया गया। तस्कर को पकड़ने वाली टीम में एसआई हरिश्चन्द्र वर्मा के अलावा हेड कॉन्स्टेबल महेश प्रसाद, कॉन्स्टेबल प्रसून ओझा व कॉन्स्टेबल मृदुल त्रिपाठी शामिल रहे।

### कट्टा लहराते डांस करना युवक को पड़ा महंगा, गिरफ्तार



**बलिया।** जिले में पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सब-इंस्पेक्टर पवन कुमार ने पुलिस बल के साथ कुछ दिन पूर्व ककरही गांव में विवाह समारोह में सरेआम कट्टा लहराते हुए डांस करने के वायरल वीडियो को संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज किया था। जिसके बाद आरोपी फरार चल रहा था, लेकिन पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। इस गुप्त सूचना मिली कि सैदपुर थाना क्षेत्र के नरायणपुर ककरहीं के रामजी राम का बेटा विपुल कुमार बसंतचक की ओर जा रहा है। जिसके बाद पुलिस ने जाल बिछा लिया। पुलिस ने आरोपी को बसंतचक की ओर आते हुए सादात अंडरपास कस्बा के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से तमंचा और कारतूस भी बरामद किए गए। जिसके बाद उसे पूछताछ के लिए थाने लाया गया। जहां उसपर आर्म्स एक्ट के तहत सैदपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक शिवप्रताप वर्मा, एसआई पवन कुमार, एसआई हैदर अली मंसूरी, कॉन्स्टेबल बृजेन्द्र द्विवेदी व अजय पटेल शामिल थे।

### लोकतंत्र रक्षक सेनानी कमला पति त्रिपाठी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**मऊ।** प्रख्यात समाजसेवी, सहकारिता के मजबूत स्तंभ, जनपद बलिया अंतर्गत सहकारी बैंक के पूर्व डायरेक्टर, लोकदल एवं कांग्रेस के मजबूत नेता तथा लोकतंत्र सेनानी खालिसपुर गांव के निवासी पूर्व प्रधान कमलापति त्रिपाठी गत दिनों गोलोक वासी हो गए। उनकी कर्मठता, इमानदारी की चर्चा क्षेत्र में आज भी एक आदर्श राजनेता के रूप में लगातार होती रहती है। उन्होंने अपने समय में बहुतायत संख्या में लोगों को रोजीरोटी से जोड़ा, बहुत से लोगों को उन्होंने सहकारिता और परिषदीय विद्यालयों में नौकरी की व्यवस्था कराई।

### बदलाव : जेलों की कैंटीन में बंदियों के लिए समोसे के साथ कोल्ड ड्रिंक भी उपलब्ध रहेगा

# अब रविवार को जेल में बंदियों से नहीं हो पाएगी मुलाकात

- शनिवार को होने वाली साप्ताहिक बंदी रविवार को होगी
- निरुद्ध बंदी अपने परिजनों से छुट्टी के दिन नहीं मिल पाएंगे

**केटी न्यूज/बलिया**

राज्य सरकार के निर्देश पर जेल मैनुअल की व्यवस्था में कई बदलाव किए गए हैं। पहले जिला जेल में बंदियों से मुलाकात रविवार को भी होती थी। अब इसमें बदलाव किया गया है। नई व्यवस्था के तहत बंदियों से मिलाई अब शनिवार को होगी।



बलिया जिला कारावास

इसके साथ ही कई अन्य व्यवस्थाओं में भी फेरबदल किया गया है। वर्तमान समय में जिला जेल में कुल आठ बैरक हैं। इनमें करीब पांच से अधिक बंदी हैं। पहले जेल में बंदियों से शनिवार को मुलाकात नहीं की जा सकती थी। उस दिन साप्ताहिक बंदी रहती थी। लेकिन अब व्यवस्था बदल दी गई है। शनिवार को होने वाली साप्ताहिक बंदी रविवार को होगी। ऐसे में रविवार को होने वाली मुलाकात बंद करने का आदेश दिया गया है। यह मुलाकात अब शनिवार को कराई जाएगी। ऐसे में अब सोमवार से शनिवार तक हर दिन मुलाकात होगी।

जेलर राजेंद्र सिंह ने बताया कि शासन ने जेल की व्यवस्था में बदलाव किया है। पहले शनिवार को मुलाकात नहीं होती थी। अब शनिवार को बंदियों से उनके स्वजन मिल सकेंगे। जेल मैनुअल के मुताबिक अभी तक केवल सोमवार से शुक्रवार तक मुलाकात का प्रावधान था। जबकि शनिवार को मुलाकात की व्यवस्था नहीं थी। रविवार को मुलाकात होती थी और सोमवार से शुक्रवार तक का चक्र चालू हो जाता था। कुल मिलाकर सप्ताह भर में शनिवार को ही मुलाकात नहीं हो पाती थी। हालांकि अब शासनस्तर से नियम में बदलाव किया गया है। जेल में निरुद्ध बंदी अपने परिजनों से केवल छुट्टी के दिन नहीं मिल पाएंगे। फिर वह छुट्टी चाहे रविवार की हो या किसी त्योहार आदि पर जेल का अवकाश हो। इसके अलावा अन्य सभी दिनों में बंदी और कैदियों से उनके परिजनों की मुलाकात की व्यवस्था जारी रहेगी।

### जेल में नाश्ते और खाने में बदलाव

**बलिया।** अब जेलों की कैंटीन में बंदियों के लिए समोसे के साथ कोल्ड ड्रिंक भी उपलब्ध रहेगी। साथ ही दूध, बिस्कट और मिठाई की भी व्यवस्था रहेगी। स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, होली और दीपावली पर बंदियों को भोजन के साथ खीर उपलब्ध कराई जाएगी। बकरीद और ईद पर बंदियों को सेंवई का वितरण किया जाएगा। शाम को नाश्ते के तौर पर बंदियों को अब चाय के साथ बिस्किट भी दी जाएगी। पहले सिर्फ सुबह ही चाय मिलती थी। वहीं, शासन के निदेर्शानुसार जेल में मुलाकात को आने वाले परिजनों का कोविड वेक्सिनेशन होना जरूरी है। इसके अलावा मास्क और सैनिटाइजर का प्रोटोकॉल भी लागू है। बाकी पाबंदियां जस की तस रहेंगी। केवल मुलाकात के दिनों में फेरबदल हुआ है।